

# पेज थ्री देहरादून हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से पीड़ित दिपांशु को सीएम ने दिए 2 लाख 50 हजार की सहायता

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में भर्ती सर्पदंश से पीड़ित दिपांशु पुत्र स्व0 भरत सिंह के ईलाज हेतु मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 02 लाख 50 हजार रुपए की सहायता राशि चिकित्सालय को प्रेषित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने जहरीले सांप के काटने से दिपांशु की हालत गंभीर होने और परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने की जानकारी मिलते ही दिपांशु के ईलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि स्वीकृत की।

### मेधावी सताक्षी को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

**संवाददाता** ऋषिकेश। सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में 99.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तराखंड में शीर्ष पर रहने वाली डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल ऋषिकेश की छात्रा सताक्षी गुप्ता को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने छात्रा को 51 हजार रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की। शनिवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने सताक्षी,उसके पिता वेद प्रकाश गुप्ता, माता रीना गुप्ता को सम्मानित किया। अच्छी बात है कि इस विद्यालय से निरंतर बेटियां ही टापर निकल रही है।

### पेंशन को भटक रहे पद्मविभूषण बहुगुणा के स्वजन

**संवाददाता** देहरादून। विश्वविख्यात चिपको आंदोलन के प्रणेता और प्रख्यात पर्यावरणविद् पद्मविभूषण सुंदरलाल बहुगुणा के स्वजन उन्हें मिलने वाली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पेंशन हस्तांतरित कराने के लिए भटक रहे हैं। यह पेंशन उनकी पत्नी विमला बहुगुणा को हस्तांतरित होनी है। स्व. बहुगुणा के पुत्र राजीव नयन बहुगुणा ने आरोप लगाया कि देहरादून के मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय ने पेंशन आवेदन के दस्तावेज ही खो दिए। अब अधिकारी उनकी बात तक सुनने को तैयार नहीं है।

### टाइम्स नाउ नवभारत एचडी के साथ धमाका करने के लिए तैयार

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख प्रसारण नेटवर्क, टाइम्स नेटवर्क ने आज अपने हिंदी समाचार चैनल, टाइम्स नाउ नवभारत के लॉन्च के साथ भारतीय भाषा में अपने प्रवेश की घोषणा की। यह चैनल 01 अगस्त, 2021 को एचडी में लाइव होगा। टाइम्स नाउ नवभारत का उद्भव भारत के सबसे प्रभावशाली न्यूज नेटवर्क की विरासत से हुआ है जिसने देशभर में समाचार प्रसारण के प्रतिमान को नए अंदाज में पेश किया है।

# अटल आयुष्मान योजना को और अधिक व्यावहारिक बनाया जाएगा

**घोषणा**

■ उत्तराखण्ड में 16472 लाभार्थियों को दिये गए आवास स्वीकृति पत्र

■ सीएम ने आवास बनने के बाद हर लाभार्थी को सामान आदि के लिए पांच हजार रूपए देने के घोषणा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ की गई आयुष्मान योजना विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है। उत्तराखण्ड में इसमें प्रत्येक व्यक्ति को आच्छादित किया गया है। योजना को अधिक व्यावहारिक तरीके से लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं ताकि हर गरीब इसका लाभ आसानी से उठा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 तक उत्तराखण्ड को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन प्रदेश बनाने पर काम कर रहे हैं। राज्य सरकार कोविड से प्रभावित लोगों को राहत दे रही है। चारधाम यात्रा और पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए लगभग 200 करोड़ का पैकेज दे रहे हैं। इसी प्रकार हेल्थ सेक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए 205 करोड़ का पैकेज दिया जा रहा है। राज्य में 24 हजार सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरम्भ की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दृष्टिगत बेरोजगार युवाओं को भर्ती में एक साल की आयुसीमा में छूट प्रदान की गई है। जबकि एनडीए, सीडीएस, लोकसेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिये 50 हजार की धनराशि दी जायेगी। अगले चार माह में कोविड का पूर्ण वैक्सीनेशन का लक्ष्य लिया गया है।



कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता से किया गया है। सहायता राशि डीबीटी द्वारा लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने और योजना का लाभ अन्य पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए काम कर रही हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद को मिले।

प्रथम फेज की जानकारी देते हुए बताया कि एसईसीसी सर्वे 2011 में पात्र पाये गये 12662 परिवारों को आवास आंवटित किया गया है, जिसमें से 12425 आवासों को पूर्ण कराते हुए कुल रु. 169.87 करोड़ की धनराशि का व्यय किया गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण फेज 2

अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का शुभारम्भ वर्ष 2016 में किया गया। जिसका उद्देश्य सभी बेघर, कच्चे तथा जीर्ण–शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के द्वितीय फेज में एस.ई.सी.सी– 2011 सर्वे में आवास की पात्रता सूची में सम्मिलित होने से छूटे हुए कुल 94286 परिवारों को आवास प्लस के माध्यम से चिन्हित किया गया है। जिसमें से 29142 अपात्र परिवारों को हटाने के पश्चात् वर्तमान में राज्य में कुल 65144 परिवार पीएमएवाई–जी हेतु पात्र पाए गए है। जिसमे कुल 2865 परिवार भूमिहीन (देहरादून 102, हरिद्वार 42, नैनीताल 68, पिथौरागढ़–3, ऊधमसिंह नगर–2662) है।

भारत सरकार द्वारा द्वितीय फेज में आवास प्लस सूची से वितीय वर्ष 2020–2021 हेतु 13399 लक्ष्य तथा वित्तीय वर्ष 2021–2022 हेतु 3073 लक्ष्य सहित कुल 16472 आवास निर्माण का लक्ष्य राज्य को आवंटित किया गया है।

# सैनिकों की वजह से ही हम चैन की नींद सोते हैं: सीएम

**फ्लैग ऑफ**

■ सीएम ने प्रादेशिक सेना द्वारा प्रदान की गई कोविड राहत सामग्री का फ्लैग ऑफ किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 127 ईको बटालियन, गढ़ी कैंट में अपर महानिदेशक प्रादेशिक सेना जनरल गुलाब सिंह रावत द्वारा प्रदान की गई कोविड राहत सामग्री का फ्लैग ऑफ किया। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के लिए इस कोविड राहत सामग्री का प्रबंध 127 बटालियन प्रादेशिक सेना गढ़वाल राइफल्स द्वारा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से की गई। कोविड राहत सामग्री के तहत ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, पल्स ऑक्सीमीटर, मास्क, सेनिटाइजर, एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 127 बटालियन प्रादेशिक सेना गढ़वाल राइफल्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी सेना का अदम्य साहस एवं वीरता का इतिहास रहा है। अपने सैनिकों की वजह से ही हम चैन की नींद सोते हैं। कोविड के समय में भी सेना ने अनेक प्रकार से सेवाएं प्रदान की।



मुख्यमंत्री ने कहा द्वितीय विश्व युद्ध की वीरांगना एवं वेटरन को अब प्रतिमाह पेंशन 8 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए दी जाएगी। एन.डी.ए एवं सी.डी.एस परीक्षा पास करने पर परिवार की आर्थिक स्थिति के आधार पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार की तैयारी के लिये 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

इस अवसर पर जे.ओ.सी सब एरिया मेजर जनरल श्री संदीप खत्री, मुख्यमंत्री के अपर प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार एवं सैन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भू-माफिया के दबाव में काम कर रही भाजपा सरकार

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस ने भू कानून को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि सरकार भू माफिया के दबाव में काम कर रही है। भूमि संशोधन कर पर्वतीय क्षेत्रों में भूमि खरीदने का खुला अधिकार दिया गया है। पार्टी प्रदेश की जमीनों को बचाने के लिए संकल्पित है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल और केदारनाथ विधायक मनोज रावत ने कहा कि भू–कानून में किए गए संशोधन के बाद हर व्यक्ति इसकी चर्चा कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने नई पीढ़ी को उनकी ही जमीन पर नौकर बनाने की साजिश की है। पूर्वजों के खून–पसीने से अर्जित भूमि को औने–पौने दामों में खरीदने का रास्ता साफ किया गया है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।